भाकृअनुप - केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर

स्वच्छता पखवाड़ा रिपोर्ट : दिनांक 16 दिसम्बर 2024

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन।
इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी कर्मचारियों से संस्थान के साथ-साथ अपने-अपने आवास परिसर में भी स्वच्छता रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ का पाठन श्री आई बी कुमार , मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किया गया। संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 16-31 दिसम्बर 2024तक किया जायेगा। जिसके अंतर्गत संस्थान के सभी कार्यालयों में साफ-सफाई का आयोजन , मेरा गांव मेरा गौरव परियोजना के अंतर्गत अंगीकृत गांव की सफाई , संस्थान परिसर में बेकार पड़े जैविक अपशिष्टों का निस्तारण , संस्थान परिसर की सीवरेज एवं पानी की लाईनों की सफाई , कृषकों एवं अन्य सामाजिक संगठनों के साथ स्वच्छता संबंधी अनुभव साझा करना , गैर अंगीकृत गांवों में कृषक महिलाओं, कृषकों एवं नौजवानों के सहयोग से सफाई अभियान ,गैर-अंगीकृत गांवों के बेकार पड़े अपशिष्टों को उपयोग में लेना , अंगीकृत गांव की सीवरेज एवं पानी की लाईनों की सफाई का अभियान, प्रयोगशाला रसायनों का सुरक्षित निस्तारण , स्वच्छता गतिविधियों के प्रचार-प्रसार हेतु प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कृषकों व पशुपालकों की भागीदारी हेतु आयोजन आदि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।